डीजी परिपत्र संख्या-25/2026
यक्ष परिपत्र संख्या- 12/2026

राजीव कृष्णा,
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।
पुलिस भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक- मार्च 20, 2026

प्राथमिकता – 1
Zero Tolerance against Crime and Criminals

प्रिय महोदया/ महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि यक्ष ऐप वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है तथा इसका उपयोग अभियोगों के अनवारण व अपराधियों की निगरानी में लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में नई सुविधाओं को भी पूर्व की भाँति **User Friendly** बनाते हुये इनकी जानकारी एवं उपयोग के निर्देश **परिपत्रों के माध्यम** से समय-समय पर प्रेषित किए जा रहे हैं, ताकि सभी अधिकारी/कर्मचारी उन्हें आसानी से अपना सकें।

मुख्यालय स्तर पर यह अनुभव किया गया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश एवं प्राथमिकताएँ त्वरित गति से बीट कर्मचारी तक प्रभावी रूप से नहीं पहुँच पाती हैं। इसी के दृष्टिगत यक्ष ऐप में Broadcast एवं SOS सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश, प्राथमिकताएँ एवं अत्यंत महत्वपूर्ण सूचनाएँ त्वरित गति से Real Time में बीट स्तर तक पहुँचाई जा सकें।

- **Broadcast Facility-**
  इस सुविधा के माध्यम से **विभिन्न स्तर के अधिकारी (क्षेत्राधिकारी स्तर तक)** अपने अधीनस्थों को **सामान्य सूचनाएँ, निर्देश, अभियान संबंधी संदेश** आदि प्रेषित कर सकते हैं।

- **SOS Facility-**
  यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए विकसित की गई है। **SOS** की सुविधा के माध्यम से **विभिन्न स्तर के अधिकारी (जनपद प्रभारी स्तर तक)** अपने अधीनस्थों को **अत्यंत महत्वपूर्ण सूचनायें/अभियान सम्बन्धी संदेश** आदि प्रेषित कर सकते हैं, ताकि **सभी अधिकारी/ कर्मचारी गण अवगत होकर कार्यवाही सुनिश्चित कर सकें।**

  - SOS के माध्यम से भेजा गया संदेश Police Siren के साथ प्राप्त होता है।
  - यह Siren तब तक बजता रहेगा है जब तक संबंधित कर्मचारी द्वारा Message को Seen नहीं कर लिया जाता है।
  - यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा यक्ष ऐप पहले से कोई कार्य किया जा रहा है और उसी समय कोई SOS Message आता है, तो Siren नहीं बजेगा बल्कि View Alert में नया Message (WhatsApp Message की भांति) प्रदर्शित होगा।

Note- Broadcast / SOS प्रेषित करने वाला सक्षम अधिकारी किसी एक अधिकारी / कर्मचारी को या अधिकारियों / कर्मचारियों के समूह को या अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारी / कर्मचारी गण को Real Time में Broadcast / SOS भेज सकते हैं।

उदाहरणार्थ- यदि किसी जनपद में लूट या अन्य सनसनीखेज घटना घटित होती है तथा तत्काल प्रभाव से पूरे जनपद में वाहन चेकिंग कराई जानी हो, तो संबंधित वरिष्ठ अधिकारी द्वारा SOS के माध्यम से Text/Audio Message Police Siren के साथ Real-Time में भेज सकते हैं। इससे बीट स्तर तक तत्काल सूचना पहुँचते ही सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एक ही समय में सक्रिय होकर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर सकेंगे।

प्रचलित व्यवस्था में वायरलेस के माध्यम से Message को प्रेषित किया जाता है। इस परिस्थिति में जिन कार्यालय व अधिकारियों/कर्मचारियों के पास आरटी सेट होता था उन्हीं के पास संदेश पहुँच पाता था। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तक संदेश नहीं पहुँच पाता था। किन्तु यक्ष ऐप के माध्यम से अब सीधे बीट कर्मचारी तक सूचना पहुँचाना संभव हो गया है, जिससे समस्त अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी।

यक्ष ऐप में उपलब्ध **Broadcast/SOS सुविधा** का उद्देश्य **महत्वपूर्ण सूचनाओं का** रीयल-टाइम **प्रसारण**, फील्ड स्तर पर कार्यरत पुलिस इकाइयों के मध्य **प्रभावी समन्वय स्थापित** करना तथा **आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं उत्तरदायी पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित** करना है। इस सुविधा के माध्यम से **रिस्पॉन्स टाइम में कमी लाते हुए कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण** को अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयासों से यक्ष ऐप को एक प्रभावी एवं सुदृढ़ बीट पुलिसिंग Tool के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

भवदीय,

(राजीव कृष्णा)

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक / जनपद प्रभारी उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अपर पुलिस महानिदेशक STF, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।